हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024

तापमान

अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

12 1.68 करोड़ से बदलेगी तीन वार्डों की तस्वीर



12 विशेष गिरदावरी करवा कर फसलों के नुकसान ...



## खबर संक्षेप

### समालखा पुलिस ने हत्या के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने करहंस गांव के पास स्थित ढ़ाबे पर नवीन की पीट पीटकर हत्या करने मामले में और दो आरोपियों मनीष व अजय निवासी गांव करहंस को गिरफ्तार किया है। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है।

### चोरी की पांच आरोपी महिलाएं गिरफ्तार

**पानीपत।** समालखा चौकी पुलिस की टीम ने नगर पालिका समालखा के कार्यालय में स्टोर से सामान चोरी करने वाली पांच आरोपी महिलाओं सलमा पत्नी बिट्टू, किरण पत्नी सागर, जिना पत्नी सलीम, अनु पत्नी सन्नी निवासी झुग्गी इंद्रा कॉलोनी पुराना, औद्योगिक क्षेत्र पानीपत व काजल पत्नी महेंद्र निवासी इंद्रा कॉलोनी हाल नंहोसा, अंबाला को गिरफ्तार किया है।

### मुस्लिम महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गौस अली वार्ड नंबर 21 में मुस्लिम महिलाओं के बीच परिवार परामर्श केंद्र द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह केंद्र माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सौजन्य से संचालित किया जा रहा है।

### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**यमुनानगर।** गांव इस्माइलपुर के पास बाइक की टक्कर लगने से घायल हुए सलिंद्र की देर शाम अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस्माइलपुर निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सलिंद्र 16 फरवरी को किसी काम से बाहर गया था। रात नौ बजे जब वह घर लौट रहा था तो गांव के पास तेज गति से बाइक लेकर आ रहे कर्मवीर ने उसके भाई को टक्कर मार दी। हादसे में उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अंबाला जिले के 768 स्कूलों में 52947 नौनिहालों को मिल रहा मिड डे मील

## अब तक 1916 लाख खर्च किए गए, अब नागरिक समाज के सदस्य भी करेंगे निरीक्षण

- राज्यसभा सांसद के सुझाव पर चार सदस्यीय कमेटी का गठन
- स्कूल के मिड डे मील का 10 मदों का निरीक्षण किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों को परोसे जा रहे मिड डे मील का निरीक्षण अब नागरिक समाज के सदस्य भी कर सकेंगे। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने सोमवार को मिड डे मील निरीक्षण कमेटी के सदस्यों के साथ मीटिंग की। इसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मिक्षा रंगा तथा नागरिक समाज के मनोनीत सदस्य सिद्धार्थ गुलाटी और कमलदीप उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 29 जनवरी को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में मिड डे मील स्कीम के ऊपर हुई चर्चा के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा जानकारी दी गई थी कि चालू वित्तीय वर्ष के दौरान दिसंबर माह तक जिले में कुल 768 स्कूलों में 52947 बच्चों को मिड डे मील दिया जा रहा है। अब तक लगभग 1916 लाख रुपये खर्च किए गए हैं । इसके साथ यह भी बताया गया कि बच्चों को बेहतर गुणवत्ता का मिड डे मील देने के उद्देश्य से न केवल मिड डे मील कुक की नियुक्ति विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों की माताओं के बीच से की जाती है बल्कि मिड डे मील का समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाता है।



मीटिंग में मौजूद नागरिक समाज के सदस्य व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### चार सदस्यीय कमेटी गठन का दिया था सुझाव

राज्यसभा सांसद द्वारा मिड डे मील की गुणवत्ता का ओर अधिक व्यापक निरीक्षण किए जाने के उद्देश्य से चार सदस्यीय कमेटी का गठन किए जाने का सुझाव दिया गया था। उनके सुझाव पर ही उस कमेटी में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पदेन सदस्यों के साथ-साथ नागरिक समाज से भी दो सदस्यों सिद्धार्थ गुलाटी और कमलदीप को मनोनीत किया गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में हुई कमेटी सदस्यों की बैठक में निर्णय लिया गया कि स्कूल के मिड डे मील का 10 मदों का निरीक्षण किया जाएगा। इसमें बच्चों को दिए जाने वाली मिड डे मील की मात्रा, गुणवत्ता के साथ उसे चख कर देखना। मिड डे मील की अवलोकन रिपोर्ट का फ़ूड टेस्टिंग रजिस्टर में इंद्राज करना। स्कूल के किचन गार्डन में उगाई गई सब्जियों का प्रयोग।मिड डे मील राशन का रख रखाव।किचन व बर्तनों की साफ़ सफ़ाई। मिड डे मील कुक की व्यक्तिगत स्वच्छता।मिड डे मील बारे बच्चों से वार्तालाप व स्कूल विजिटर रजिस्टर में निरिक्षणकर्ता द्वारा फीडबैक का इंद्राज भी शामिल है।

# ट्रेन में किन्नू खा रहे युवक को टीटीई ने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पीड़ित युवक संजय कुमार

- जीआरपी ने दोनों टीटीई के खिलाफ केस दर्ज किया

जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में पंजाब से उत्तर प्रदेश जा रहे युवक के साथ दो टीटीई ने मारपीट की। युवक का आरोप है कि चेकिंग के दौरान इस वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी अंबाला कैंट स्टेशन आने के बाद ट्रेन से उतरकर चले गए। युवक ने उन्हें पकड़ने का प्रयास भी किया। जीआरपी ने अब दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के बिरैची गांव के संजय कुमार ने बताया कि वह पंजाब के मोरिंडा (रूपनगर) में रह रहा है। यहां वह टाइल लगाने का काम करता है। रविवार को वह मोरिंडा रेलवे स्टेशन से टिकट लेकर अपने परिवार के साथ सरहिंद तक पैसेंजर ट्रेन में पहुंचा। सरहिंद रेलवे स्टेशन से जनसेवा एक्सप्रेस ट्रेन में गोरखपुर के लिए चढ़ा। ट्रेन अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचने वाली थी। जिस कोच में वह अपने परिवार के साथ सफर कर रहा था, उसमें राजपुरा के आगे निकलने के बाद रेलवे के टीटीई टिकट चेक करते हुए आए। युवक के मुताबिक टीटीई ने उसकी पत्नी से टिकट मांगा। उसकी पत्नी सीमा ने उसे टिकट दिया। उसने टीटीई को टिकट दिखा दिया। वह दूसरे हाथ से किन्नू खा रहा था। किन्नू का कुछ भाग उसके मुंह में था। टीटीई ने पूछा कितने आदमी हो? उसने इशारे में 4 आदमी बताए। मुंह में किन्नू होने के चलते वह बोल नहीं सका। तभी टीटीई ने उस पर हमला कर दिया। उसका आरोप है कि उसके 2 बच्चों के सामने उसके साथ मारपीट की। जीआरपी थाने के जांच अधिकारी राजकुमार ने बताया कि संजय कुमार ने ट्रेन में दो टीटीई द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दी है। उसके आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में कर्मियों ने किया प्रदर्शन

## यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- कर्मचारी विरोधी निर्णय के खिलाफ तीन दिन जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा

ऑनलाइन हाजिरी के नाम पर गुलामी का फरमान जारी करने के हरियाणा सरकार के निर्णय के खिलाफ ग्रामीण सफाईकर्मियों, ग्रामीण चौकीदारों व ट्यूबवेल ऑपरेटर्स ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को प्रमुख रूप से सीटू प्रदेश महासचिव जय भगवान, हरियाणा पीडब्ल्यूडी मेकेनिल वर्कर्स यूनियन के चेयरमैन कृष्ण शर्मा, हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा राज्य महासचिव कलीराम, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के राज्य नेता दलजीत ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन कालरा, रंग लाल संधू, दलजीत सिंह ने की। संगठन नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार ने एक पत्र जारी कर इस हिस्से को प्राइवेट बैंक द्वारा तय किए गए एप पर दिन में दो बार हाजिरी लगाने बारे हिदायत जारी की है। इस हाजिरी को पंचायत सचिव और सरपंच वेरिफाई करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच एसोसिएशन की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल ऐप में ऑनलाइन हाजरी लगाकर मानदेय भुगतान का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को देने का निर्णय घोर कर्मचारी विरोधी है। तीनों संगठनों ने फैसला लिया कि सरकार के इस कर्मचारी विरोधी निर्णय के खिलाफ अगले तीन दिन जिला मुख्यालय पर धरना लगेगा। यदि तब तक भी उक्त निर्णय वापस नहीं लिया गया तो बड़े आंदोलन का आगाज किया जाएगा। सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान सुशील गुज्जर, सीटू जिला प्रधान सतपाल सैनी, सीटू जिला सचिव जगपाल राणा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य प्रधान जगमाल सिंह, ग्रामीण चौकीदार सभा के नेता परवारा राम आदि ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन के बाद जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भेजा गया।





ऑनलाइन हाजिरी के निर्णय के खिलाफ ग्रामीण सफाईकर्मी, ग्रामीण चौकीदार व ट्यूबवेल ऑपरेटर्स प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# तीन भाइयों ने की रिश्तेदार की हत्या

## वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

- इसराना पुलिस ने संदीप, दीपक व दलेल पर हत्या के आरोप में केस दर्ज किया

पानीपत के गांव इसराना में तीन सगे भाइयों ने अपने ही रिश्तेदार की गोली मार कर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी तीन सगे भाई मौके से फरार हो गए। वहीं, गोली लगने से घायल युवक को एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने पिता की शिकायत के आधार पर पड़ोसी आरोपी तीनों सगे भाइयों पर हत्या समेत आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर लिया है। इधर, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में किसान ओमप्रकाश ने बताया कि तीन मार्च की रात करीब 8 बजे संदीप उर्फ मीनू, दीपक व दलेल उर्फ प्रदीप उर्फ काला (तीनों सगे भाई) निवासी इसराना उसके घर पर आए। तीनों उससे गाली-गलौज करने लगे। तीनों ने कहा कि अपने बेटे जितेंद्र को बाहर निकालो। उन्होंने आरोप लगाया कि संदीप के हाथ में रिवॉल्वर थी। ओमप्रकाश ने उन्हें कहा कि जितेंद्र बाहर गया हुआ है, मुझे बताओ क्या बात है। इसके बाद तीनों भाई पड़ोसी बलवान की बैठक की तरफ चल पड़े। जिनके पीछे-पीछे ओमप्रकाश अपनी पुत्रवधू प्रमिला व पत्नी मूर्ति के साथ गया। बलवान की बैठक में जितेंद्र बैठा हुक्का पी रहा था। जितेंद्र के पास भतीजा तेजबीर भी बैठा हुआ था।



### ये है आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों भाई बैठक में पहुंचे और वहां पहुंचते ही जितेंद्र के साथ धक्का-मुक्की की। इसके बाद उसे पकड़ लिया और संदीप को कहा कि इसको सीधी गोली मार। ललकारा सुनते ही संदीप ने जितेंद्र की छाती में गोली मार दी। जिसके बाद तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। इधर, ओमप्रकाश की शिकायत पर थाना इसराना पुलिस ने संदीप, दीपक व दलेल पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सफाई कर्मियों का वेतन सरपंचों के माध्यम से जारी करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राज्य कमेटी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजि नं 41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर अनिल कुमार जिला प्रधान की अध्यक्षता में उपायुक्त कुरुक्षेत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा गया। मंच संचालन अशोक कुमार जिला सचिव ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य कमेटी सदस्य एवं जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ओमप्रकाश नने कहा कि यदि सरकार समय रहते इस ऐप को बंद कर सीडीपीओ कार्यालय के माध्यम से वेतन देना सुनिश्चित नहीं करती है तो सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के सहयोग से बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। जिस की सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी। प्रदर्शन को सुरेंद्र यादव, बलदेव राज, आंनद सिंह, महेंद्र पाल, बलवान सिंह, अमरीक सिंह, जगन्नाथ, विशाल सैन, बिट्टू रंगा आदि ने भी संबोधित किया।



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### गिफ्ट सेंटर से लाखों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव रसूलपुर स्थित ओम गिफ्ट ट्रेडर्स शॉप का ताला तोड़कर चोरों ने करीब सवा लाख रुपये की कीमत का सामान चोरी कर लिया। गांव लाहडपर निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव रसुलपुर अड्डे पर ओम गिफ्ट ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। दो मार्च को वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर आया तो शटर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर दुकान से नौ पीतल की परातें, 80 पीतल के गिलास, 60 पीतल की कटोरी व अन्य सामान गायब था। जिसकी कीमत करीब सवा लाख रुपये है।

# कुवि की ईसी की बैठक में वार्षिक बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।

- वार्षिक रिपोर्ट पर भी लगी मुहर
- राज्य सरकार की वित्त कमेटी व वार्षिक आडिट रिपोर्ट को भी कार्यकारिणी परिषद में रखा गया

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कार्यकारिणी परिषद की बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 639.79 करोड़ का बजट पारित किया गया। राज्य सरकार की वित्त कमेटी व वार्षिक आडिट रिपोर्ट को भी कार्यकारिणी परिषद में रखा गया जिस पर कार्यकारिणी के सदस्यों ने चर्चा कर अनुमति प्रदान की।

बैठक में कुवि के वित्त अधिकारी डॉ. अंकेश्वर प्रकाश द्वारा बजट की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट-2023 को भी पारित किया गया जिसकी विस्तृत रिपोर्ट लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. ब्रजेश साहनी ने प्रस्तुत की।

बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को नैक द्वारा सीजीपीए 3.56 के साथ ए-प्लस-प्लस ग्रेड मिलने पर सभी सदस्यों ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई दी।

### बैठक के मिनट्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई

बैठक में कार्यकारिणी परिषद के नए सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यकारिणी परिषद में परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह द्वारा परीक्षा सुधार सम्बंधी विषय पर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक के दौरान दिसंबर 2023 को आयोजित हुई ईसी की बैठक के मिनट्स को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जियोलॉजी विभाग के प्रो. एआर चौधरी को छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद पर, बायो-केमिस्ट्री विभाग के प्रो. जसबीर सिंह को चीफ वार्डन पुरुष छात्रावास व आईआईएचएस इतिहास विभाग की प्रो. कुसुमलता को चीफ वार्डन महिला छात्रावास की नियुक्ति की अनुशंसा की गई। कार्यकारिणी परिषद ने यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के डॉ. भंवर सिंह व डॉ. विवेक कुमार, सोशल वर्क विभाग के डॉ. सतीश कुमार, पंजाबी विभाग की डॉ. लता खेड़ा, डॉ. गुरप्रीत सिंह व डॉ. देवेन्द्र कुमार, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. नवीन बिसला व डॉ. राजेश, विधि विभाग की डॉ. प्रियंका चौधरी को सहायक प्रोफेसर पद पर कंफर्मेशन की मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में सहायक कुलसचिव डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा व संदीप को उप-कुलसचिव के पद पर पदोन्नत करने की मंजूरी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के प्रशासनिक ब्लॉक के कमेटी रूम में आयोजित इस बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बन्धित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## कार्रवाई

### एमएलए की शिकायत पर डीसी ने ठेकेदार पर किया 1 लाख का जुर्माना

विधायक प्रमोद विज ने किया स्टिंग ऑपरेशन

# जिला सचिवालय की पार्किंग में ठेकेदार को वाहन चालकों से दुगनी रकम लेते पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- शहरवासियों की शिकायत पर विधायक ने लिया संज्ञान

पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पेड पार्किंग का स्टिंग ऑपरेशन किया। स्मरणीय है कि पिछले काफी समय से शहरवासी शिकायतें कर रहे थे कि एलिवेटेड हाईवे के नीचे बनी पार्किंग और जिला सचिवालय की पार्किंग में वाहनों को खड़ा करने के डबल रुपए वसूल किए जा रहे है और नहीं देने पर पार्किंग का ठेकेदार व उसके कारिंदे अभ्रद व्यवहार करते है। इन्हीं शिकायतों के चलते सोमवार को विधायक प्रमोद विज ने असलियत जानने के लिए एक प्लान तैयार किया। जिसके तहत पहले उन्होंने अपने पीए अश्विनी को बाइक पर भेजकर चेक करवाया। इसके बाद वे खुद भेष बदल कर पार्किंग में पहुंचे। जहां उनसे भी 10 रुपए की जगह 20 रुपए लिए।



पानीपत। जिला सचिवालय की पार्किंग की जांच करने पहुंचे विधायक प्रमोद विज हेलमेट पहने हुए। फोटो : हरिभूमि

### विधायक खुद बाइक पर हेलमेट लगाकर पहुंचे

वहीं विधायक प्रमोद विज ने इस मामले की जानकारी उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया से करते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की। इधर, मीडिया से बातचीत में विधायक प्रमोद विज ने कहा कि जब से पार्किंग को पेड किया गया है, तभी से ही रुपए ज्यादा वसूले जाने की शिकायतें मिल रही हैं। शहरवासी लगातार उनके कार्यालय में आकर पार्किंग की शिकायत कर रहे थे। इसी के चलते सोमवार को यह एक्शन किया गया है। पीए अश्विनी से भी 10 की बजाय 20 रुपये लिए। जब विधायक खुद बाइक पर हेलमेट लगाकर शॉल ओढ़कर मिनी सचिवालय की पार्किंग पहुंचे तो यहां उनसे भी 20 रुपए मांगे। उन्होंने विरोध किया, तो पार्किंग कर्मचारियों ने उनके साथ बदतमीजी की और कहा कि 20 रुपए ही देने पड़ेंगे। वहीं जबकि विधायक प्रमोद विज ने अपना परिचय ठेकेदार के कारिंदों को दिया तो उनके होश उड गए। वहीं विधायक विज के जिला सचिवालय की पार्किंग में आने की सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट पर्किंग में पहुंची और विधायक प्रमोद विज से मिली। वहीं उपायुक्त डॉ दहिया ने ठेकेदार को अपने कार्यालीय में तलब किया और जमकर डांट लगाई। उन्होंने ठेकेदार पर एक लाख रूपये का जुर्माना करते हुए चेतावनी दी कि यदि फिर जनता से वाहन पार्किंग का डबल चार्ज लिया गया तो ठेका रद्द किया जाएगा और पुलिस में केस दर्ज करवाया जाएगा। उन्होंने ठेकेदार से वाहन पार्किंग के चार्ज के बोर्ड लगाने के आदेश दिए।

# कंडक्टर से बोला ठग, कनाड़ा से रिश्तेदार बोल रहा हूं, सात लाख का लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- अब पुलिस ने ठगी का केस दर्ज कर जांच शुरू की, ठगी के लिए कंडक्टर को भेजी उसकी पत्नी के खाते में साढ़े 12 लाख जमा करने की रसीद

रोडवेज के कंडक्टर को शातिर ठगों ने अपने जाल में फंसाकर 7 लाख रुपए का चूना लगा दिया। मालवा गांव के रहने वाले कंडक्टर बलराज सिंह की शिकायत पर अब साइबर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। बलराज सिंह ने बताया कि वह हरियाणा रोडवेज में कंडक्टर के पद पर नौकरी करता है। 30 दिसंबर को वह अपने घर पर था। सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने बोला कि मैं तेरा रिश्तेदार बोल रहा हूं। रिश्तेदार बनकर ठग ने कहा कि वह कनाडा से बोल रहा है। तब मैंने उसे कहा उसका कनाडा में कोई रिश्तेदार नहीं है। ठग ने फिर कहा पहचानो। मैंने कहा गांव रायमाजरे से मेरा रिश्तेदार कनाडा में है। कॉल करने वाले ने कहा वह गांव रायमाजरे वाला रिश्तेदार ही बोल रहा है।



इसके बाद शातिर ठग ने उसे कहा कि उसने कुछ रुपए भारत भेजने हैं। वह बैंक खाता नंबर दे दे। बलराज ने ठग पर विश्वास करते हुए अपनी पत्नी का खाता नंबर भेज दिया। इसके बाद ठग ने करीब 12.55 लाख रुपए ट्रांसफर कराने की रसीद भेजी। शातिर ठग ने कॉल करके कहा कि यह रकम 24 घंटे तक आपके खाते में ट्रांसफर हो जाएगी। कुछ समय बाद उसके नंबर पर कॉल आई कि मेरा जो एजेंट है उसकी माता मुंबई में किसी अस्पताल में दाखिल है। उसे 4 लाख रुपए भेज दो। उसने विश्वास करते हुए 4 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसके बाद फिर 3 लाख रुपए की डिमांड की। बातों में उलझा 3 लाख रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। उसे कई दिन बाद पता चला कि उसके साथ 7 लाख रुपए का फ्रॉड हो गया है। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप


करनाल। भजनों पर झूमते श्रद्धालु।

### प्रभु का गुणगान करते हुए निकाली प्रभातफेरी

**करनाल।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में शिव प्रभातफेरी की ओर से सोमवार अलसुबह प्रभु की महिमा का गुणगान करते हुए प्रभातफेरी निकाली गई। शिवभक्त राजेश व नीलम के निवास से प्रभातफेरी शुरू की और सेक्टर-6 स्थित भक्त नीलम के निवास पर विश्राम लिया। भजन मंडली में शामिल श्रद्धालुओं ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्तजन भोले के भजनों पर झूमते गाते आगे बढ़े।

### रिद्धी ने यूनिवर्सिटी गेम्स में जीता सिल्वर मेडल

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल की होनहार छात्रा रिद्धी फोर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में तीरअंदाजी में सिल्वर मैडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किा है। प्राचार्य डा. गुरिंदर सिंह ने बताया कि मेघालय की राजधानी शिलोंग में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में एनसीसी कैडेट्स रिद्धी फोर ने आर्चरी में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतवर्ष में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रिद्धी का कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया।

### स्वयंसेवकों को दी आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन हो गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टैगोर पब्लिक स्कूल के वर्तमान प्रिंसिपल डॉ. राजेश लांबा रहे। जो पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय करनाल के एनएसएस स्वयंसेवक रह चुके हैं। सर्वप्रथम उप प्राचार्य डॉ सुरेंद्र नगिया, डा. सुभाष जागलान और डा. सरिता आर्य ने मुख्य अतिथि को समृति चिह्न देकर स्वागत किया।

### किसानों को पासपोर्ट रद करने के भेजे जा रहे नोटिस

**करनाल।** जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह ने आंदोलन में शामिल किसानों पर सरकार द्वारा अत्याचार किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। हरियाणा में शंभु और खनौरी बोर्डर पर जा रहे काफी किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें अभी तक रिहा नहीं किया गया है। इस बीच करनाल से किसान नेता राजिंद्र आर्य दादूपुर समेत कई किसानकों को को चंडीगढ़ पासपोर्ट कार्यालय से उनका पासपोर्ट रद्द करने का नोटिस भेजा गया है।

### सच्चे मन से परमात्मा को याद करें : कंवलजीत

**थानेसर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेक्टर-8 कुरुक्षेत्र सेवा केंद्र द्वारा जिमखाना क्लब में शिवरात्रि के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष कंवलजीत कौर रने कहा कि हमें सच्चे मन से परमात्मा को याद करना चाहिए। जब हम ऐसे याद करेंगे, तो हमेशा वह हमारे साथ रहेंगे।

## तैयारियों को लेकर डीसी ने किया दौरा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा लखपति दीदी महासम्मेलन : कल्याण

- मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि 6 मार्च को करनाल की अनाज मंडी में 'लखपति दीदी महासम्मेलन' भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में करनाल लोकसभा से जुड़ी हुई माताएं एवं बहनें शामिल होंगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल शिरकत करेंगे और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी पहुचेंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी का लाइव संबोधन पश्चिम बंगाल से सुनने को मिलेगा। घरौंडा के विधायक हरविंद्र कल्याण, उपायुक्त अनीश यादव, भाजपा की प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता और जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। करनाल लोकसभा स्तर का कार्यक्रम करनाल अनाज मंडी में रखा गया है। विधायक हरविंद्र कल्याण ने करनाल लोकसभा की माताओं-बहनों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस कार्यक्रम में शिरकत करने का आह्वान किया है। उपायुक्त अनीश यादव ने लखपति दीदी महासम्मेलन की तैयारियां का जायजा लिया और कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसी शशांक कुमार सावन, एडीसी अखिल पिलानी, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम अनुभव मेहता, जीएम रोडवेज कुलदीप सिंह, डीडीपीओ कृष्ण लाल, भाजपा नेत्री निर्मला बैरागी, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रवीन लाठर, महामंत्री सुनील गोयल आदि मौजूद रहे।


करनाल। नई अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर जायजा लेने पहुंचे डीसी व अन्य।

### ज्यादा संख्या में पहुंचें महिलाएं : डॉ. अर्चना गुप्ता

भाजपा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल से देशभर की महिलाओं से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों बहनों को लखपति दीदी और ड्रोन दीदी बनाने का वायदा किया है। प्रधानमंत्री इस ओर निरंतर कदम उठा रहें हैं। माताओं और बहनों के लिए निरंतर योजनाओं की सौगात दी जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर की बहनें अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ें, वहीं करनाल लोकसभा की माताएं-बहने करनाल अनाज मंडी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पहुंचे।

# चचेरे भाई की हत्या का आरोपी गिरफ्तार, हिरासत में भेजा

- रंजिश के चलते ईंट और कस्सी मारकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

मधुबन पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में लगातार अच्छा काम किया जा रहा है। थाना प्रभारी मधुबन निरीक्षक विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में टीम द्वारा नशे की हालत में अपने ही चाचा के लड़के की ईंट और कस्सी मारकर हत्या करने वाले आरोपी बंटी उमर 25 साल पुत्र पूर्ण चंद वासी अमृतपुर कलां को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर गांव में स्तिथ तालाब से वारदात में प्रयोग कस्सी को बरामद किया गया। आरोपी बंटी से पूछताछ में पाया गया कि उसके पड़ोस में 3 मार्च को शादी थी। जहां शादी में उसने और रामपाल ने शराब पी। और वहां डीजे पर डांस भी किया। जिनके घर शादी थी उन्होंने वहा से इन दोनों को भगा दिया। उसके बाद आरोपी बंटी और रामपाल अपने घर की तरफ आ रहे थे। तो रास्ते में एक निर्माणाधीन मकान के पास जब ये दोनों आए तो रामपाल शराब के नशे में आरोपी बंटी को गली देने लगा। जिससे आरोपी बंटी गुस्सा हो गया। क्योंकि कई बार पहले भी रामपाल ने आरोपी बंटी से गाली ग्लौज और मारपीट की थी। जिसको याद करके आरोपी बंटी ने गुस्से में आकर रामपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। रामपाल को पास स्तिथ निर्माणाधीन मकान में ले गया और उसके सिर में ईंट और कस्सी मारकर उसकी हत्या कर दी। तथा वहां से भाग गया और कस्सी को गांव के ही तालाब में फेंक दिया था। और आरोपी ने मृतक रामपाल के घर बताया कि जिनके यहां शादी थी उन्होंने रामपाल की हत्या की थी। और मृतक के पिता रोहताश की शिकायत के आधार पर सूरज व जय भगवान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। कार्यवाही के आधार पर पाया गया कि आरोपी बंटी ने ही तैश में आकर रामपाल की हत्या की थी।

# ...तूफां कोई अब तो उठाया न जाएगा रोशन कोई चिराग बुझाया न जाएगा

- कार्यक्रम में रचनाकारों ने किया सामाजिक बुराइयों पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा गांव स्थित विकास क्लब भवन में आयोजित मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में रचनाकारों ने सामाजिक बुराइयों पर कड़े प्रहार किए। इसके साथ ही युवाओं को उच्च शिक्षित बन राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान देने के लिए प्रेरित किया। क्लब के सरंक्षक संत प्रेम पाल सागर ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरबंस लाल पथिक व विशिष्ट अतिथि अशोक वशिष्ट ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच संचालन अश्विनी शर्मा ने किया। रामेश्वर देव ने कहा कि तूफां कोई अब तो उठाया न जाएगा, रोशन कोई चिराग बुझाया ना जाएगा। राजन गांधी ने कहा कि जैसे जैसे बड़ा हो रहा हूं, घर की जिम्मेदारियां समझने लगा हूं। इस अवसर पर साहित्यकार डा. एसके शर्मा, समाजसेवी अंजू शर्मा, भारतीय सद्भावना संघ के प्रधान राजपाल, कपिल शर्मा, गुरमीत पाढा, प्रवीण सलार, बलराज मैहला, मामराज पाल, विकास क्लब के प्रधान परविंदर भाटिया, अंशुल राणा, अजय जुंडला, सौरभ गुप्ता, मधु शर्मा, तरूण लोहट, सेजल गहलोत, रविंद्र, रामनाथ, राजेश कांबोज, दिलबाग कांबोज व पारूल सिरहद मौजूद रहे।


करनाल। विकास क्लब भवन में आयोजित मासिक सांझा विरासत कार्यक्रम में उपस्थित रचनाकार।

### सेना में चयनित 1.5 लाख अभ्यार्थियों की ज्वाइनिंग की मांग

**करनाल।** कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने सेना में चयनित 1.5 लाख अभ्यार्थियों की तत्काल ज्वाइनिंग की मांग की है। साथ ही स्थाई सेना भर्ती की बहाली और अग्निपथ योजना को तत्काल निरस्त करने की मांग भी उठाई है। इन मांगों को लेकर खालसा कालेज करनाल में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एनएसयूआई के जिला प्रधान दिलावर सिंह ने कहा कि वर्तमान अग्निवीरों के लिए स्थाई प्रबंध किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह योजना जुमलेबाज सरकार के मनमानी का नतीजा है, लेकिन अब देश का युवा जाग चुका है, यह अग्निपथ योजना बेरोजगार युवाओं की दर्द पर नमक छिडकने जैसा है, अब जुमलेबाज सरकार को रोजगार देना ही होगा।

# आंदोलनकारी किसानों को जल्द रिहा नहीं किया तो 11 को देंगे गिरफ्तारी

- भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय बैठक भाकियू कार्यालय घरौंडा में आयोजित हुई। जिसमें 11 मार्च को जेल भरो आंदोलन व 14 मार्च के दिल्ली कूच को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष धनेतर सिंह राणा ने की। इस बैठक में प्रदेश संरक्षक प्रदेश शिक्षक प्रेमचंद शाहपुर, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, जिला महासचिव सुरेंद्र बेनीवाल प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने प्रमुख तौर पर किसानों को संबोधित किया। किसान नेताओं ने कहा कि आंदोलन में जा रहे दर्जन भर किसानों पर संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल में डाला गया। जबकि इन किसानों ने ऐसा कोई अपराध नहीं किया है। सरकार कानून का दुरुपयोग करके आंदोलन को दबाना चाहते है, लेकिन किसान दबने वाले नहीं है। किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे व जेलों में बंद किसानों का जल्द रिहा किया जाए, नहीं तो 11 मार्च को करनाल में भाकियू के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित होकर गिरफ्तारी देकर जेल भरने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 11 मार्च को करनाल के 12 सेक्टर स्थित जाट भवन में किसान एकत्रित होकर गिरफ्तारी देने के लिए जिला सचिवालय की ओर कूच करेंगे। एक दिवसीय इस जेल आंदोलन में प्रदेश भर से भाकियू कार्यकर्ता शामिल होंगे और अपनी गिरफ्तारियां देंगे। वहीं राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 14 मार्च को किसान दिल्ली कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि किसान अपने हकों के लिए दिल्ली कूच करना चाहते है, ताकि किसानों को फसलों पर एमएसपी पर खरीद गारंटी का कानून मिल सके।



# बंगाल से पीएम मोदी का भाषण करनाल में लाइव होगा : उषा


करनाल। जानकारी देते हुए उषा प्रियदर्शनी।

**करनाल।** आगामी 6 मार्च को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बंगाल में एक महिला रैली को संबोधित करेंगे और करनाल की नई अनाजमंडी में बड़ी-बड़ी एलईडी के माध्यम से इस रैली का लाइव प्रसारण होगा, जिसमें करनाल से हजारों की संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुनने के लिए पहुंचेगी। यह जानकारी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी ने सैक्टर-9 स्थित कर्ण कमल कार्यालय में आयोजित प्रैसवार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि यह रैली बंगाल में महिलाओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ होगी, जिसकी रोकथाम के लिए एक बहुत बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल का संदेशखाली नकारात्मक कारणों से लगातार सुर्खियों में है। महिला प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी की सरकार से जनता त्रस्त है। टीएमसी भ्रष्टाचार और अत्याचार का पर्याय बन चुकी है। वो बंगाल को गरीब बनाए रखना चाहती है ताकि उसकी राजनीति चलती रहे, उसका खेल चलता रहे। इस अवसर पर अवसर पर निर्मला बैरागी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा करनाल मीना कम्बोज के साथ साथ कहीं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# गोसेवा के लिए स्कूल में रखा रोटी बैंक

- भाविप ने मून स्टार पब्लिक स्कूल घरौंडा में किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा सेवा कार्य के अन्तर्गत स्थाई प्रकल्प के तहत अपने स्थाई प्रकल्प में वृद्धि करते हुए गौमाता सेवा हेतु मून स्टार पब्लिक घरौंडा में गौमाता रोटी बैंक पात्र रखने का कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला का गौमाता के प्रति सेवा भाव एवं प्रेरक नेतृत्व में आयोजित किया गया।

जिसके अनुरूप श्री गौमाता रोटी बैंक मून स्टार पब्लिक स्कूल घरौंडा में स्थापित किया गया। उक्त कार्यक्रम के सम्बंध में शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने वक्तव्य में स्कूल के सभी बच्चों एवं अध्यापको संबोधित करते हुए स्कूलों में रोटी बैंक रखने का उद्देश्य शाखा की गौमाता के प्रति सेवा भाव आदर स्नेह और समर्पण को बताया उन्होंने कहां रोटी पात्र पूर्णतया गौमाता सेवा में समर्पित है जिसमे प्रतिदिन स्कूल के बच्चों द्वारा स्वच्छ रोटी डाली जाएगी जिसे अगले दिन गौशाला घरौंडा की ई रिक्शा रोटी पात्र से रोटी निकालकर गौशाला घरौंडा में ले जाएगी इसी क्रम में यह सेवा कार्य प्रतिदिन होगा। इस कार्य से सभी बच्चों में श्री गौमाता के प्रति प्रेम संस्कार विश्वास और आदर भाव जन्म लेगा जो उनके भविष्य निर्माण में लाभकारी और हितकर साबित होगा शाखा सचिव कपिल धीमान द्वारा श्री गौमाता की सेवा करना क्यों आवश्यक है तथा इसके क्या क्या लाभ है इस बारे सभी को अवगत करवाया और श्री गौमाता के इस सेवा कार्य को सफल करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस पुनीत कार्य की मुहिम शुरू करने के लिए स्कूल निदेशक सोमपाल राणा एवं प्रधानाचार्य ने शाखा के इस कार्य की अतुलनीय प्रशंसा करते हुए इसे सर्वश्रेष्ठ कार्य बताया और कहा कि भविष्य में यह कार्य गौमाता सेवा बढ़ावा देने के साथ बच्चों में भी गौमाता के प्रति आदर एवं स्नेह भाव को बढ़ाने में सहायक होगा।इस अवसर पर सचिव कपिल धीमान कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता शाखा सदस्य सोमपाल राणा एवम अन्य सदस्यगण और स्कूल बच्चे एवं सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।



# युवक ने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर दी जान

- परिजन बोले, मानसिक रूप से परेशान था मृतक युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल/असन्ध

उपमण्डल के गांव बाहरी में बसंत राणा (45) ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की आवाज सुनकर नौकर वहां पहुंचा और खून से लथपथ व्यक्ति को असंध के नागरिक अस्पताल में लेकर आये। डॉक्टर ने व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रख दिया है।

बाहरी गांव वासी बसंत राणा अपने घर पर अकेला था। जबकि सभी घर वाले पड़ोस में शादी में गए हुए थे। व्यक्ति ने खुद को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के भाई मांगेराम ने बताया कि उसका भाई पिछले कई सालों से मेंटली डिस्टर्ब चल रहा था। उसका करीब 11 साल पहले एक्सीडेंट हो गया था। तभी से दिमाग में कुछ परेशानी चल रही थी। उसने बताया कि घर के सभी सदस्य पड़ोस की लड़की की शादी में असन्ध के एक निजी पैलेस में चले गए। तभी बंसत ने पीछे से इस घटना को अंजाम दे दिया। जिससे परिवार में मातम पसर गया। मृतक के दो बेटे और एक बेटी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बंसत के दो बेटे है एक विदेश में रहता है, जबकि एक बेटे और बेटी की करीब एक महीना पहले ही शादी हुई है। परिवार के लोगो को सूचना मिली तो वह भी घर की तरफ दौड़े चले गए लेकिन तब तक सब कुछ समाप्त हो चुका था। थाना प्रभारी महिपाल कुमार ने बताया कि जिस कमरे में घटना घटी है वहां जाकर जानकारी जुटाई गई है। एफएसएल टीम को बुलाया गया है। जरूरी साक्ष्य जुटाए गए हैं। पिस्टल व खोल को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है

## स्वच्छता व्यवस्था परखने के लिए चारों जोन का सर्वे

# टॉप रैंकिंग के लिए नगर निगम ने कमर कसी

- लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में टॉप रैंकिंग पाने के लिए नगर निगम ने जमीनी स्तर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके तहत स्वच्छता व्यवस्था को परखने के लिए सभी चार जोन में सर्वे किया जा रहा है, जिसमें से जोन 2 व 4 का सर्वे पूरा कर लिया गया है, जबकि जोन 1 में चल रहा है। यह जानकारी नगर निगम के अतिरिक्त निगम आयुक्त (ए.एम.सी.) धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सर्वे के तहत जोन में कुल कितने घर हैं, डोर टू डोर कितने घरों से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है, कूड़ा अलग-अलग लिया जा रहा है या नहीं, टिप्पर वाहन के साथ हैल्पर आता है या सर्वे करते हुए नगर निगम की टीम। एजेंसी कर्मचारियों की वर्दी तथा कहां लोगों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। इन सभी बिन्दूओं को नोट कर डाटा एकत्र किया जा रहा है। इन बिन्दूओं का बारिकी से अध्ययन किया जाएगा। इसके बाद निगम द्वारा ओर क्या-क्या कदम उठाए जाने हैं, उस पर काम किया जाएगा। सर्वे का कार्य जोन इंचार्ज के नेतृत्व में निगम के स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षक (एच.एस.आई.) एवं मोटीवेटर टीम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को नगर निगम की मोटीवेटर टीम एवं सुगम स्वच्छता प्राईवेट लिमिटेड की मोटीवेटर टीम द्वारा शहर के सेक्टर-6 व 9 तथा मुगल कैनाल स्थित अस्थाई सब्जी मंडी में सूचना, शिक्षा और संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियां की गई। इसके पश्चात नगर निगम की एच.एस.आई. व मोटीवेटर टीम गांव मंगलपुर स्थित राजकीय विद्यालय में बच्चों को आई.ई.सी. गतिविधियों के तहत स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। प्रश्नोत्तरी के तहत बच्चों से स्वच्छता पर आधारित सवाल-जवाब भी किए गए। सही जवाब देने पर बच्चों को चॉकलेट देकर सम्मानित भी किया गया।



करनाल। सर्वे करते हुए नगर निगम की टीम।

### गीता में छिपा है जीवन का सार : स्वामी ज्ञानानंद

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि पवित्र ग्रंथ गीता तमाम मानव जाति के लिए है, यह पवित्र ग्रंथ किसी एक व्यक्ति विशेष या किसी एक देश के लिए नहीं है, अपितु इस पवित्र ग्रंथ के उपदेशों में पूरे विश्व की समस्याओं का समाधान निहित है। इसलिए पूरे विश्व को पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों से शांति का संदेश मिलता है और जो मानव उपदेशों को अपने जीवन में धारण कर लेता है, वह व्यक्ति और देश हमेशा आगे की तरफ बढ़ता है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद सोमवार को श्रीलंका की संसद समिति के हॉल में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने केडीबी और प्रदेश सरकार की तरफ से श्रीलंका के लोकसभा अध्यक्ष को पवित्र ग्रंथ गीता की प्रति सौंपी है।

# संसार में ऐसा कोई स्थान नहीं, जहां परमात्मा का वास न हो : प्रवीणा

- काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

श्री कृष्ण मंदिर ग्राम काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। जिसके द्वितीय दिवस में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती जी ने कहा कि ये बात परम सत्य है कि संसार मे ऐसा कोई स्थान नहीं जहां प्रमात्मा का वास ना हो- जर्रे जर्रे में है झांकी भगवान की किसी सुझ वाली आंख ने पहचान की। क्योंकि ईश्वर दिव्य दृष्टि का विषय है बुद्वि और मन से समझने का नहीं। मौलाना रूमी भी कहते हैं कि जिस प्रकार तितली बसंत ऋतु में पैदा होकर सर्दी में मर जाती है उसे अन्य ऋतुओं के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। कवि टेनिसन ने यह सिद्व कर दिया कि ईश्वर हमारी मन, बुद्धि, वाणी से परे है। इसलिए कण-कण में होने के बावजूद हमें दिखाई नहीं देता। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया।


करनाल। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए साध्वी प्रवीणा भारती।

### उद्धार करने वाली है महा शिवपुराण कथा

**करनाल।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गांव सग्गा के शिव मन्दिर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में कथा व्यास आचार्य सुशील शास्त्री ने कहा कि शिव महापुराण कथा कलयुग में मनुष्य का उद्धार करने वाली है। शिव महापुराण में 12 संहिता हैं, जिनमें व्यास जी ने मनुष्य की सरलता के लिए इन संहिताओं के एक लाख श्लोक को 24000 श्लोक में परिवर्तन कर दिया।जो मनुष्य इस शिव महापुराण का वाचन करेगा वह निश्चय ही दुष्कर्मों से दूर हो जाएगा। मनुष्य को अपने जीवन की सच्चाई का पता नहीं है कि वह किस लिए धरती पर आया है, क्योंकि हर जन्म बार बार मिलता है मगर मानव जन्म बार बार प्राप्त होना यही ईश्वरी कृपा होती है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस की टीम ने चोरों से दो बाइक बरामद

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस की टीम ने चोरी की बाइक लेकर घूम रहे दो बाइक चोरों शशी पुत्र उमेश निवासी करांची समस्तीपुर बिहार हाल निवासी हुडा सेक्टर-29 व संदीप उर्फ बंटी पुत्र मनोहर निवासी गांव झिवर हेडी जिला करनाल को गिरफ्तार किया है और इनके पास से चोरी की दो बाइकें बरामद की है।

### पुलिस ने तीन चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने खेतों में ट्यूबवेल से तार चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों जुल्फान पुत्र रहीसुद्दीन, जाबिद पुत्र नजर सैन, इसरार पुत्र मोहम्मद निवासी गांव बलहेडा करनाल को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस ने झपटमार को पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने परशुराम धर्मशाल के पास महिला से मोबाइल झपटने वाले आरोपी नरेश उर्फ विक्की पुत्र सुरेश निवासी सौंधापुर चौक को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि फोन झपटमारी की उक्त वारदात बारे थाना माडल टाउन में मधु पत्नी दलीप निवासी माधोपुर छपार बिहार हाल किराएदार संजय कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### प्रतियोगिता में रूपाली रही प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में बीकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए एक मौखिक प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व डिजिटल मार्केटिंग रहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूपाली, द्वितीय मुस्कान,तृतीय सोनिया व सांत्वना पुरस्कार गार्गी को दिया गया।

### छात्राओं ने कैंप में भाग लिया

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय सिवाह, पानीपत की पांच छात्राओं ईशा, प्रियंका, पूजा, अंजलि, साक्षी ने असिस्टेंट प्रोफेसर कीर्ति के मार्गदर्शन में रेड क्रॉस द्वारा आयोजित देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में तक चलने वाले पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस ट्रेनिंग कैंप में भाग लिया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सामाजिक कुरीतियों के बारे में जागरूक करके व युवाओं के योगदान को समाज सेवा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### सफाई कर्मियों ने प्रदर्शन किया

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्क्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू मजदूर यूनियन के संयुक्त आह्वान पर पंचायत पंप ऑपरेटर जलकर्मी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदारों को एप के माध्यम से ऑनलाइन हाजिरी पर रोक लगाने की मांग को लेकर लघु सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से लिखित ज्ञापन पत्र भेजा गया।

### विजेताओं को पुरस्कृत किया

**पानीपत।** शिवाजी स्टेडियम में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लक्ष्मी देवी ने नगदी देकर सम्मानित किया।

### मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार

**पानीपत।** एडीसी पंकज यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय के द्वितीय स्थल के सभागार में आयोजित बैठक में विभिन्न महाविद्यालय और विद्यालयों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गया है।

## नफरत, घृणा, द्वेष, कलह, ईर्ष्या में रहता है शैतान

# आत्मा का सौंदर्य व आभूषण है सेवा



पानीपत। जैन मुनिगण प्रवचन करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

सेवा परम धर्म है। सेवा आत्मा का सौंदर्य है, आभूषण है। सेवा धर्म की शरण, उत्तम शरण है। जो जीव धर्म की शरण में रहते हैं उनके जीवन में आनंद मंगल रहता है। यह उद्गार उत्तर भारत प्रवर्तक गुरुदेव सुभद्र मुनि, एसएसजैन सभा, गांधी मंडी के पूर्व महामंत्री सुश्रावक स्व. पवन कुमार जैन के एल्डिको स्थित पारिवारिक निवास पर प्रदीप-अवनीश-विनय जैन द्वारा आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि धर्म सभा में प्रवर्तक जी महाराज ने फरमाया कि प्रेम जीवन में अमृत पान है। जिसने प्रेम का भाव हृदय में रखा उसके जीवन में प्राणी मात्र के प्रति अपनत्व रहता है। मन में प्रेम का अभाव है तो अपने भी पराए हो जाते हैं। प्रेम की भावना है तो पराये भी अपने हो जाते हैं। परमात्मा का निवास प्रेम में है। नफरत, घृणा, द्वेष, कलह, ईर्ष्या में शैतान रहता है। इस अवसर पर अमित मुनि जी, कुमार विकास मुनि, सुमेर मुनि, श्रेयांश मुनि, शवसंत मुनि, श्रषभ मुनि,संभव मुनि धीरेंद्र महाराज ने भी अपने विचार रखें। वहीं, प्रदीप जैन, अवनीश जैन, विनय जैन के सभी पारिवारिक जन तथा एल्डिगो के श्रद्धालु जन मौजूद रहे।

# बच्चों को शिक्षित करने में मदद करेगी गरीब परिवार सहायता समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गरीब परिवार सहायता समिति ने श्री कृष्ण महाराज के आशीर्वाद से अपने अभियान की शुरूआत करते हुए पांच दिव्यांग बच्चों को गोद लिया और 11 बच्चे ऐसे थे जो अपनी शिक्षा का खर्च उठाने में असमर्थ है उनकी पूरी शिक्षा का खर्च उठाने की समिति ने जिम्मेदारी ली। निवर्तमान मेयर अवनीत कौर और समाजसेविका पिंकी गर्ग के मार्गदर्शन में इस सेवा का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे और समिति के सभी सदस्य जिनमें वेद प्रकाश छाबड़ा, प्रधान शामलाल लाल गर्ग, विनोद धमीजा, विनोद खंडेलवाल, योगेश खन्ना, संजीव टूटेजा, राजेश गुप्ता, पवन गर्ग, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह, राजिंद्र खुराना, स.जसविंदर सिंह सग्गु, राजेश नन्दा, मालती अरोड़ा, मोना शर्मा,शशि लूथरा मौजूद रहे। मंच संचालन मदन लाल आजाद ने किया। वहीं इस दौरान कार्यक्रम में महिला दिवस भी मनाया गया।



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया जरूरमंद छात्राओं को उपहार भेंट करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### केंद्र सरकार की योजनाओं को गति दें : डॉ. वीरेंद्र

**पानीपत।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी की बैठक सोमवार को जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया की उपस्थिति में संपन हुई। बैठक में उपायुक्त ने सांसद कोष से कराये जा रहे विकास कार्यों की खर्च राशि का ब्यौरा लिया और पिछली बैठक के दौरान शेष बचे कार्यों की समीक्षा की तथा वर्तमान समय में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही महत्त्वकांक्षी योजनाओं की प्रगति को अधिकारियों से जाना। उपायुक्त ने अधिकारियों से सम्बंधित विभागों में संचालित की जा रही योजनाओं की वर्तमान में क्या स्थिति है, कितना कार्य बचता है पर चर्चा की और कुछ जरूरी दिशा निर्देश दिए।



### खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में आर्य कॉलेज ने शूटिंग में जीता गोल्ड

**पानीपत।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शूटिंग प्रतियोगिता में आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खिलाड़ियों बीए प्रथम वर्ष के छात्र राहुल और एमए इंग्लिश प्रथम वर्ष की वर्ष की छात्रा अंजली ने 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता मे भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः गोल्ड मेडल एवं सिल्वर मेडल हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत कर बधाई दी एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने इस शानदार अवसर पर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश सैनी, प्राध्यापिका मामनी सैनी, डॉ. राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, राजा तोमर, सुनील पहल, कोच रजनी व अनुप गुलिया को बधाई दी।



शराब ठेके के पास रेहडी संचालक को चेतावनी देते हुए पुलिस टीम।

### कानून का पालन नहीं करने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि इस प्रकार खुले में शराब पीने व हुड़दंग बाजी करने से आमजन को परेशानियों का सामान करना पड़ता है, शहर का माहौल खराब होता है साथ ही आपराधिक वारदात होने का अंदेशा बना रहता है। इस पर अंकुश लगाने के लिए सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी, क्राइम युनिट व चौकी इंचार्जो को विशेष रूप से निर्देश दिए गए है। साथ ही पुलिस लाइन में 40 जवानों की एक रिर्जव बनाई गई है। उक्त जवानों को प्रतिदिन एक साथ अलग अलग थाना क्षेत्र में भेजकर गश्त करवाई जा रही है। गश्त कर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। जिला पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# कालोनियों में विकास कराना भूली सरकार




पानीपत। समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारीगण प्रदर्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

समालखा बचाओ संघर्ष मोर्चा ने ग्रामीण क्षेत्र की नौ अपरूव आवासीय कालोनियों में विकास कार्य कराने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करके एसडीएम अमित कुमार की मार्फत मुख्यमंत्री को मांग पत्र भिजवाया। संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पी.पी.कपूर ने बताया कि सरकार ने समालखा और इसकी सीमा के साथ लगती नौ अवैध कालोनियों को अपरूव तो कर दिया लेकिन इन कालोनियों में पेयजल,सीवर पाइप लाइन बिछाना, साफ सफाई कराना, गलियां पक्की करना, स्ट्रीट लाइट जैसी बुन्यादी जरूरतें उपलब्ध कराना भूल गई। कोई अधिकारी सुध लेने तक नहीं आया। प्रदर्शन में वेदपाल सिंह, रोहित लाहोट, विजेंद्र धीमान, एडवोकेट दयानंद पंवार,जेजेपी नेता सुभाष धीमान, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य लेखराज खट्टर, डॉ.बिजेंद्र रोहिल्ला, पंकज, अनिल पांचाल, जगपाल, विनय, संजय आदि शामिल हुए।

### शराब पीने व पिलाने वालों के खिलाफ पुलिस हुई सख्त

**पानीपत।** पानीपत पुलिस आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए भरसक प्रयासरत है। जिला पुलिस द्वारा इसी कड़ी में अब रोड किनारे गाड़ियां खड़ी कर शराब पीने, सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग बाजी करने व शराब ठेकों के पास रेहड़ी पर शराब पिलाने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत रविवार की देर रात को जिला के सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्जो ने अपने अपने थाना चौकी क्षेत्र अधिकार में कार्रवाई करते हुए शराब ठेकों के पास से रेहड़ी हटवाने के साथ ही दोबारा उक्त स्थानों पर रेहड़ी नहीं लगाने की नसीहत दी।

- अलग अलग स्थान से छह आरोपियों को काबू किया

वहीं, अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुड़दंग बाजी करते पाए गए अलग अलग स्थान से छह आरोपियों को काबू किया गया।

# कुश्ती में राजकीय कॉलेज इसराना की दोनों टीमें चैंपियन बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

खिलाड़ियों को खेलों में अपना भविष्य उज्ज्वल करना चाहिए। ये शब्द इसराना के राजकीय महाविद्यालय में चल रही चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर एमडीयू रोहतक के खेल निदेशक राजेंद्र प्रसाद गर्ग ने अपने संबोधन में कहे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अच्छी खुराक ले ओर लगातार अभ्यास करें। पहले के मुकाबले अब ज्यादा कॉम्पीटिशन है। नई नई तकनीक ओर नियम खेलों में आ रहें हैं पहले के मुकाबले सरकार खेलों पर ज्यादा ध्यान दें रहीं हैं। वहीं समाजसेवी बलवान शर्मा ने 51 हजार व पानीपत जिला परिषद के वाइस चेयरमैन आर्य सुरेश मलिक ने राजकीय कॉलेज को सहायतार्थ 31 हजार रुपये भेंट किए। कुश्ती में राजकीय कॉलेज इसराना की दोनों टीमें चैंपियन बनी। इसराना के नायब तहसीलदार सौरभ शर्मा, कैप्टन बिजेंद्र सिंह जागलान, डीएसपी धर्मबीर खरब, हरियाणा कुश्ती संघ के पूर्व सचिव राजकुमार हुड्डा,, बलवान सिंह, रमेश जागलान, रणजीत जागलान, नरेन्द्र उर्फ नीनी, हरपाल ढांडा, डा बलिंद्र गुलिया, डा प्रवीन कुमार, मुकेश देशवाल, राजपाल कौशिक, कृष्ण नरवाल नौल्था, कर्ण सिंह पूनिया आदि लोग मौजूद रहे।



इसराना। राजकीय कॉलेज इसराना में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए अतिथिगण।

### पानीपत में 20 करोड़ की लागत से बनेगी रैडक्रास की नई बिल्डिंग

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में नई बिल्डिंग के निर्माण को लेकर रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारियों से बैठक करते हुए कहा कि रेडक्रास सोसायटी की नई बिल्डिंग बननी प्रस्तावित है उसका स्वरूप जो पूरी तरह से अत्याआधुनिक हो। रेडक्रास भवन में वो सभी सुविधाएं हो जो एक भवन में होनी चाहिए इस पर ध्यान देना होगा उपायुक्त ने कहा कि 20 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली रेडक्रॉस पानीपत की यह बिल्डिंग सुविधाओं से परिपूर्ण होगी। आधुनिक नक्शा बना कर कार्य करना होगा। इस मौके पर सीएमओ जयंत आहूजा, रेडक्रॉस के सचिव गौरव रामकरण के अलावा कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राजकीय कॉलेज में पौधे रोपे

**पानीपत।** राजकीय महिला महाविद्यालय मडलौडा में आज महाविद्यालय की 10वीं वर्षगांठ पौधरोपण करके मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में एससी कमीशन के वॉयस चेयरमैन विजेंद्र बडगुजर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.एसके चहल इतिहास विभागाध्यक्ष एंड डीन सोशल साइंस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। विजेंद्र बडगुजर ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा और सामान्य वर्ग से संबंधित सभी विद्यार्थियों को अनेक प्रकार की स्कॉलरशिप और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए, निर्मित की गई नीतियों के बारे में अवगत कराया।

# निपुण भारत मिशन पर अधिकारी समन्वय से करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में निपुण भारत मिशन के तहत जिला स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बच्चों की नींव को मजबूत बनाना हम सब का दायित्व है। इसके लिए और प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें उन कर्मठ अध्यापकों को इस मिशन में शामिल करना चाहिए जो शिक्षा में रूचि रखते हों व जिनकी नजर में शिक्षा एक मिशन हो। जो अध्यापक इस कार्य में पारंगत नहीं है उन पर निगरानी रखने की जरूरत है। ऐसी स्थिति में उन पर ठोस कार्यवाही की जा सकती है इसके लिए उन्हें तैयार रहना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि जो अध्यापक निपुण भारत मिशन कार्यक्रम में सकारात्मक भूमिका निभाने में सक्षम नही है उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सकती है। बैठक में उपायुक्त ने निपुण भारत मिशन की बारिकियों पर प्रकाश डाला व वर्तमान में पानीपत किस पायदान पर खड़ा है। उसकी वर्तमान स्थिति क्या है पर अधिकारियों के साथ गहन मथन किया। उपायुक्त ने कहा कि आधारभूत साक्षरता और गणित के लिए इस राष्ट्द्रीय अभियान की शुरूआत 5 जुलाई 2021 को विधिवत रूप से की गई थी। उपायुक्त ने बताया कि निपुण भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए जो कमेटियां गठित की गई है उनकी भूमिका को लेकर भी चर्चा की। उपायुक्त ने कमेटी सदस्यों से जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे उनपर कितना कार्य हुआ है व हम लक्ष्य के कितने करीब हैं आदि पर मंथन किया। उपायुक्त ने इस मिशन को गंभीरतापूर्व आगे बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के अलावा सम्पर्क फांउडेशन से पल्लवी झां और सभी खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।



पानीपत। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया, उत्कृष्ट सेवा करने वाले कर्मियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# चलो थियेटर उत्सव में हरिहर केशा नाटक का हुआ मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

चलो थियेटर उत्सव के चौथे दिन हरिहर केशा नाटक का मंचन हुआ। खास बात ये रही इस नाटक में कत्थक के माध्यम से श्रीकृष्ण के दर्शन कराए गए। मंच पर कलाकारों के पैर 80 मिनट तक थिरकते रहे। दर्शक सांस बांधे इन्हें देखते रहे। नूपुर नृत्य दल कुरुक्षेत्र की टीम ने इस नाटक का मंचन किया। इस अवसर पर बाल विकास प्रोग्रेसिव स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा शाह, उनके पति कैप्टन निखिल शाह, एलसीआरटी से रवींद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

कपिल पिपलानी पुत्र लेट श्री नरेन्द्र पिपलानी निवासी हाल मकान नम्बर डी-1702, अंसल सुशान्त सिटी, पानीपत का हूं।

बनाम

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि कपिल पिपलानी पुत्र लेट श्री नरेन्द्र पिपलानी निवासी हाल मकान नम्बर डी-1702, अंसल सुशान्त सिटी, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री नरेन्द्र कुमार पिपलानी पुत्र श्री चेत राम निवासी मकान नम्बर 413-एल, माडल टाउन, पानीपत की दिनांक 03-07-2023 को मृत्यु हो चुकी है। एवंम नरेन्द्र कुमार पिपलानी की माता श्रीमति शकुन्तला देवी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। अनिता रानी परूथी पार्षद, वार्ड नम्बर 1, नगर निगम पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-

1- सरोज पिपलानी विधवा, व 2 कपिल पिपलानी पुत्र, व 3- दिप्ती आहुजा पुत्री श्री नरेन्द्र कुमार पिपलानी यानि कुल 3 ही वारिस है।

इनके इलावा मृतक नरेन्द्र कुमार पिपलानी पुत्र श्री चेत राम का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार/नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम एतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 04-03-24 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत।



### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आगाज आज से

**पानीपत।** एसडी पीजी कॉलेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के एनएसएस पाठ्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय स्तरीय सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आगाज आज से होगा। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो.सोमनाथ सचदेवा कुलपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र करेंगे। सांसद संजय भाटिया कैंप के उद्घाटन सत्र में बतौर अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। गेस्ट आफ ऑनर राजेश गोयल प्रांत प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और दिनेश कुमार राज्य एनएसएस ऑफिसर हरियाणा होंगे। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा, कैंप सेक्रेटरी डॉ.राकेश गर्ग और कैंप समन्वयक डॉ.आनंद कुमार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सम्पूर्ण कैंप का मार्गदर्शन करेंगे। 5 से 11 मार्च तक चलने वाले इस आवासीय कैंप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से सम्बद्ध 54 कालेजों के 210 से अधिक स्वयंसेवक और प्रोग्राम ऑफिसर भाग लेंगे। यह जानकारी प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने पत्रकारों को दी। इस अवसर पर डॉ.संतोष कुमारी, डॉ.एसके वर्मा, डॉ.पवन कुमार, प्रो.मुकेश पुनिया, दीपक मित्तल व चिराग सिंगला उपस्थित रहे।

## पौष्टिक आसार का सेवन करने से शरीर की इम्युनिटी बढती है

# सेहत के लिए घातक है जंक फूड का सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक दूसरे फ्री होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन देस राज कालोनी के विश्व भारती विद्या निकेतन स्कूल में किया गया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की एवं वजन की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक पानीपत के प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉक्टर केदार बत्रा व डॉ. नैन्सी ने लगभग 252 मरीजों की जांच की व निःशुल्क दवा उपलब्ध करवाई। इस शिविर के संयोजक अवनीश ठाकुर ने शिविर का विधिवत उद्धघाटन किया जिसमें शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गायत्री हैल्थ केयर पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सा सेवा केन्द्र के संचालक गुलशन बत्रा के इस प्रकार के समाजसेवी भाव का सभी ने स्वागत किया उन्होंने बताया कि इस प्रकार के चिकित्सा शिविर आगे भी लगते रहेंगे। इस अवसर पर शजितेंद्र गुप्ता, प्रवीण मनोचा, प्रदीप राजपूत , विजेन्द्र अत्री, ओमप्रकाश नवीन, रमेश ग्रोवर,वीना, चारु सिंह, दीप्ति गुप्ता, गायत्री बतरा, संदीप शर्मा,आर पी कक्कड़, विषेश गुप्ता, रितेश, ईशा, प्रवेश लता, अनीता, सविता, मोनिका आदि ने सहयोग किया एवं विश्व भारती विद्या निकेतन स्कूल के स्टाफ ने बढ़ चढ़कर सेवा सहयोग किया। वहीं डॉ. केदार बतरा व डॉ. नैन्सी ने होम्योपैथिक दवाइयों के लाभ बताए, न्यूट्रीशन के बारे जानकारी दी और जंक फूड से होने वाली हानियों के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए जंक फूड का प्रयोग नहीं करने की सलाह दी।



पानीपत। डॉ. केदार बतरा बुजुर्ग रोगी का उपचार करते हुए।

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों ने तैयार किया मैदान

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल कॉलेज की एनएसएस यूनिट ने कॉलेज में एक दिवसीय शिविर लगाया। प्राचार्या डॉ राजश्री खरे ने कैम्प का शुभारंभ करते हुए सभी स्वयंसेवकों को कैंप में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र की सेवा में हमेशा आगे बढ़कर काम करते हैं। कॉलेज में 7 मार्च को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता करवाई जाएगी जिसके लिए स्वयंसेवकों ने कॉलेज के मैदान को तैयार किया। स्वयंसेवकों ने कस्सी से मैदान को समतल किया।

### मतदान के बारे में किया जागरूक

**बराड़ा।** जय पब्लिक स्कूल में युवा और खेल मंत्रालय के कार्यक्रमों के सहयोग से मतदान अधिकारों के बारे में जागरूकता पर एक जागरूकता अभियान चलाया गया। यहां छात्रों को नागरिकों के अधिकारों और उनके मतदान मूल्य के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी हुई। प्राचार्य डॉ. नीलम जैन ने सत्र को सफलतापूर्वक संचालित करने पर आभार जताया।

### रुद्र महायज्ञ का हुआ आयोजन

**नारायणगढ़।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महा शिवरात्रि पर्व के अवसर पर 40वें श्री रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शंकर सेवा समिति द्वारा प्राचीन शिव मंदिर पुरानी सब्जी मंडी में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान सोमवार को पहले दिन क्लश पूजन किया गया। इसके उपरांत शोभा यात्रा एवं रूद्र क्लश नगर परिक्रमा भी की गई। यह शोभा यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से आरंभ रामलीला मैदान पहुंची।

### एसडीएम को दिया ज्ञापन

**नारायणगढ़।** सोमवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहसचिव गुरपाल सिंह के नेतृत्व मे अग्रसेन चौक पर बंद पड़ी यातायात लाइटों को ठीक कराने हेतु एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि अग्रसेन चौक पर कईं दिनों से यातायात लाईटें बंद पड़ी हुई हैं जिस कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। इन लाईटों के बंद रहने से आये दिन दोपहिया व चोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं।

### पहले दिन 1516 बच्चों को पिलाई दवा

**नारायणगढ़।** पल्स पोलियो अभियान 5 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। नारायणगढ़ सिविल हस्पताल के द्वारा 3375 (0-5 वर्ष के) बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए टीमें बनाई गई है। एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि इस अभियान के पहले दिन 1516 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीमों द्वारा 2883 घरों को चेक किया गया।

### चोरी में आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमर पाल उर्फ बब्लू को गिरफ्तार किया है। पीड़ति महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 मार्च 2024 की रात्रि आरोपी अमृतपाल ने गांव पंजलासा में स्थित उसके घर से नकद राशि चोरी की है।

# मोदी की झूठी गारंटियों से जनता परेशान, राहुल की न्याय यात्रा से बदल रहा देश

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बोली, देश की सत्ता में होगा बदलाव

- महंगाई व बेरोजगारी से लोग दुखी, किसानों पर टियर बमों से करवा रही है हमला, देश का हर वर्ग जनविरोधी नीतियों से परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार है। उन्होंने कहा कि जिस तरह पार्टी नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा को पुरजोर समर्थन मिल रहा है उससे साफ जाहिर है कि देश की जनता केंद्र सरकार की झूठी गारंटियों से बेहद परेशान है। राहुल गांधी आम लोगों के साथ जुड़ाव दिखाकर उनके मुद्दों को उठा रहे हैं। सैलजा सोमवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि युवाओं की बेरोजगारी का बड़ा मुद्दा है।

महंगाई से देश की त्रस्त है। किसान सड़कों पर बैठे हैं। गरीब व दलित शोषित वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने दावे से कहा कि ऐसे में जनता केंद्र सरकार को आइना दिखाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 75 पार का नारा दिया था। पर जनता ने उन्हें 40 पर लाकर सत्ता से बाहर कर दिया था। किसानों के मुद्दे पर कहा कि एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने का वायदा तीन कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के बॉर्डर पर बैठे किसानों को उठाने के समय प्रधानमंत्री ने किया था। पर इस दिशा में कुछ भी नहीं हुआ। सरकार अपने वादे को याद करते हुए एमएसपी की गारंटी देने के बजाए किसानों के साथ मीटिंग-मीटिंग खेल रही है। हरियाणा पंजाब का बोर्डर ऐसे प्रतीत होता है जैसे दो दुश्मन देशों का बोर्डर हो। किसान देश की राजधानी दिल्ली पहुंचना चाहते हैं लेकिन अपने आकाओं के इशारे पर कीलें गाड़कर, रास्ते रोक कर, सड़कों पर कंक्रीट की दीवार खड़ी करके भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार उनकी राह में अड़चनें खड़ी कर रही है। सैलजा ने इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की दिनदहाड़े गोली से भूनकर की गई हत्या को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह हत्याकांड बताता है कि प्रदेश में कानून की स्थिति क्या है? उन्होंने कहा कि प्रदेश में अराजकता इतनी बढ़ चुकी है कि अपराधी खुले आम वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं और पुलिस बाद में लकीर पीटती रहती है। उन्होंने कहा कि जो सरकार किसानों को आय दुगनी करने की बात करती थी। वही सरकार किसानों को परेशान करने में लगी है। बर्बाद फसलों का मुआवजा तक नहीं मिल रहा है। हिन्दुस्तान की जनता अब मोदी के छल-प्रपंच को भली भांति समझ चुकी है और वो अब बहकावे में नहीं आने वाली, आने वाली सरकार कांग्रेस की होगी।

### पार्टी नेताओं के निधन पर शोक

कुमारी सैलजा ने पार्टी के कई नेताओं के निधन पर भी शोक जताया। सैलजा ने सबसे पहले कलरहेड़ी गांव पहुंची। यहां पार्टी कार्यकर्ता ज्ञान सिंह के निधन पर शोक जताया। इसके बाद सैलजा ने जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रधान हरीश सासन के निधन पर शोक जताते हुए उनके परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद सैलजा एडवोकेट मनप्रीत सिंह बॉबी के घर पहुंची। बॉबी का पिछले दिनों ही बीमारी के कारण निधन हो गया गया। इस दौरान उन्होंने बॉबी के परिवार को हौसला दिया। इसके बाद सैलजा ने भानोखेड़ी के पूर्व सरपंच जसमेर सिंह के निधन पर शोक जताया। बाद में वे जनसूई पहुंची। यहां पार्टी कार्यकर्ता सोहन सिंह निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पीड़ति परिवार को हौसला दिया। कुमारी सैलजा ने सौंटा गांव में अवतार सिंह के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।


अंबाला। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा।

## कई जगह डाली जाएगी पीने के पानी की पाइपलाइन

# 1.68 करोड़ से बदलेगी तीन वार्डों की तस्वीर सड़कों के साथ नालों का भी होगा निर्माण

विधायक बोले सीएम मनोहर लाल के राज में बह रही है विकास की बयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने सोमवार को वार्ड नंबर -5, 11 व 12 में 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। सभी वार्डों में लोगों ने विधायक को फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

विधायक असीम गोयल ने कहा कि इन विकास कार्यों के होने से वार्डों की सुंदरता बढेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले भी इन वार्डों में विकास कार्यों को करवाने का काम किया गया है। विधायक ने विकास कार्यों के शिलान्यास के तहत वार्ड नंबर-11 में रणजीत नगर मैन रोड से नया गांव तक 38.71 लाख रूपए की लागत से बनाई जाने वाली सडक़ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी वार्ड में मोती नगर में 4.69 लाख रूपए की लागत से सडक़ व नाली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर-12 में 1 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों का भी विधायक ने शिलान्यास किया।

इनमें रणजीत नगर पेट्रोल पंप के पीछे सडक़ व पार्क के जीर्णोधार का, सरस्वती नगर में सडक़ों के निर्माण कार्य का, मानव चौक के नजदीक नाले के बाहर दीवार बनाने का कार्य, वार्ड नंबर 12 में ही पानी के निकासी से निर्माण कार्य तथा वार्ड नंबर 5 के तहत कबीर नगर में 32 लाख रूपए के विकास कार्यों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसमें सडक़ें, बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइपलाइन डालने का काम भी शामिल है। विधायक ने इस मौके पर कहा कि आपने अपनी वोट की ताकत से मनोहर व केंद्र में मोदी सरकार बनाई। आपके वोट की ताकत से नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान के अलावा स्वास्थ्य और पढाई की गारंटी देते हुए 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन और लोगों के रहन सहन को उपर उठाने के लिए लखपति दीदी मुद्रा योजना और विश्वकर्मा योजना के तहत लोन व रोजगार देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जा रहें हैं। स्वास्थ्य के नाते नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान कार्ड/चिरायु कार्ड के माध्यम से लोगों को 5 लाख रूपए के मुफ्त ईलाज की गारंटी दी है। पारदर्शी तरीके से व बिना पर्ची-खर्ची के योग्य उम्मीदवारों को नौकरी देने के का काम किया गया है। अंबाला में आईएमटी लगने से अंबाला महानगर बनेगा। युवाओं के लिए रोजगार के नए-नए अवसर उपलब्ध होगें।



अंबाला। निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक व मौजूद लोग।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम के कार्यकारी अभियंता एलसी चौहान, निगम सदस्य हितेष जैन, मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा, मंडल अध्यक्ष राम चन्द्र सैनी, गुरप्रीत शाना, बलविंद्र शर्मा, संजीव गोयल टोनी, अनिल गुप्ता, दर्शन सौंडा, अर्जुन, रविन्द्र गुप्ता, आरके भारती, रमन सैनी, हेमंत राठौर, सतविंद्र सिंह, सतीश कालड़ा, मनीष कुमार के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


अंबाला। बरसात से खराब हुई फसलों का मुआयना करते पूर्व विधायक मलौर।

# विशेष गिरदावरी करवा कर फसलों के नुकसान की भरपाई करे सरकार

- भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान पहले ही कर्ज के बोझ में दबा हुआ है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट जसबीर मलौर ने कहा कि तेज हवा ,बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के अधिकतर इलाकों में फसलो का भारी नुकसान हुआ है। सरकार विशेष गिरदावरी करवा कर तुरंत किसानों के नुकसान की भरपाई करे।

मलौर ने सोमवार को अंबाला शहर के विभिन्न गांवों में फसलों के नुकसान का जायजा लेते हुए किसानों से बातचीत की। उन्होंने कहा भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसान पहले ही कर्ज के बोझ में दबा हुआ है। इस प्राकृतिक मार से किसान को भारी नुकसान पहुंचा है। सरकार किसानों को तुरंत राहत देने के लिये विशेष गिरदावरी करवायए। उन्होंने कहा कि देश का किसान पिछले दो वर्षों से सड़क पर बैठा है लेकिन प्रधानमंत्री के पास किसानों की बात सुनने का वक़्त नहीं है। आंदोलन के दौरान देश के 750 से अधिक किसान शहादत दे चुके हैं लेकिन तानाशाह सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर शहीद किसानों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मलौर ने शहर के एक दिन की बरसात से जलमग्न होने को लेकर भी सरकार को घेरा । उन्होंने कहा कि जगह जगह शहर में पानी भरा हुआ है । सेक्टर 9 अंडरब्रिज बरसात के दो दिन बाद भी पानी से भरा पड़ा है । आने जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ता है । नगर निगम मेयर और विधायक एक दूसरे पर आरोप लगा कर जिम्मेवारी से भागते हैं। दोनों हाथों से जनता के खून पसीने की कमाई लूटने का काम कर रहे हैं ।

# रंजिशन युवकों ने किया हंगामा, गेट पर ईंटें बरसाने के बाद फायरिंग की, सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई घटना

- पुलिस ने पहचान के बाद कई युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर में रविवार देर रात रंजिशन कई युवकों ने जमकर हंगामा किया। एक युवक के घर के गेट पर ईंटों से हमला किया। फिर बंदूक से फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान किसी को जानी नुकसान नहीं हुआ। वारदात सेक्टर-9 थाना एरिया के के परशुराम कॉलोनी की है। वारदात यहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। अब पुलिस ने कमल विहार के राहुल वालिया समेत कई युवाओं के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। राहुल वालिया के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं के तहत पहले भी मुकदमे दर्ज हैं।

परशुराम कॉलोनी के प्रदीप कुमार ने बताया कि राहुल वालिया, साहिल राठौर व विशाल ग्रेवाल और इनके साथी सोशल मीडिया पर लाइव आकर गाली-गलौज करते थे। उसके नाम से फर्जी आईडी बना लोगों को गालियां-धमकी देते थे। उसने इसकी शिकायत साइबर पुलिस थाने में दी हुई है। उसने बताया कि वह कपड़ा मार्केट में काम करता है। आरोपियों ने जनवरी 2024 में भी लाइव आकर धमकी दी थी। प्रदीप के आरोप हैं कि बदमाश रात करीब 10 बजे उसे मारने के इरादे से आए थे। बदमाशों ने पहले उसके मकान के गेट पर ईंटों से हमला किया। वह बाहर नहीं निकला बल्कि छत पर चढ़कर देखने लगा तो आरोपियों ने उस पर फायर कर दिया। उसने बताया कि 2 मार्च को उसके 4 साल के बेटे सोहन का जन्मदिन था। उसकी बहन और भाभी अपने बच्चों को साथ लेकर उसके घर आई हुई थी। वह रात को घर पर ही रुके हुए हैं। बदमाशों ने जिस तरह से घर पर फायरिंग व हमला किया है, उससे परिजन सहमे हुए हैं। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।



अंबाला। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए आरोपी व मौके से मिला कारतूस का खोल।

# मेयर शक्ति रानी शर्मा ने स्कूली छात्रों को बांटे जूते

- पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्मदिन से चल रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मेयर शक्तिरानी शर्मा ने अंबाला शहर के विभिन सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को जूते वितरित किए। इस अभियान के तहत अंबाला शहर नाहन हाउस वार्ड नंबर 7 स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, कैथ माजरी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गुड़मंडी राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 8, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलाल माजरी वार्ड नंबर दस में जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए। इस दौरान शक्तिरानी शर्मा ने नाहन हाउस राजकीय प्राथमिक विद्यालय से अभियान की शुरूआत की और यहां पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को जूते दिए। मेयर ने इस दौरान बच्चों को अपने हाथों से सामान वितरित किया। इस दौरान जैन कॉलेज रोड पर बने सरकारी स्कूल में बच्चों ने वेलकम लिखकर अपने तरीके से शक्तिरानी शर्मा का स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा का जन्म दिन था।


अंबाला। स्कूली छात्रों को जूते वितरित करती मेयर शक्ति रानी शर्मा व अन्य।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निगम सदस्य सरदूल सिंह, बृजलाल सिंगला, वीके शर्मा, सन्नी मौखा, पंकज भारद्वाज, प्रिंस शर्मा, राजन पाहवा, मदन लाल, विनय बक्शी, राजू कुमार कौलां, रविंद्र सौंडा, हर्षित बक्शी, अंकित कुमार, कमलदीप, केशव, विनीत भाई, मंजू, नेहा सहोता, वरदान शर्मा, दिनेश गौड सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# वाहन चालक आरोपी संजय को किया काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी संजय को गिरफ्तार किया है। होशियारपुर के चरणजीत सिंह ने 27 फरवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव हेमामाजरा के पास आरोपी कैंटर चालक ने लापरवाही व तेज गति से उसकी गाड़ी में टक्कर मारी थी। हादसे में उसकी रिश्तेदार महिला की मौत हो गई। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## रोजगार के लिए आईएमटी की स्थापना बेहद जरूरी

# हर घर में रोजगार दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता: शर्मा

- पूर्व मंत्री विनोद शर्मा का आरोप युवाओं को नौकरियों में नहीं मिल रहा हक, कई स्कूलों के बच्चों को बांटी साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने कहा कि अंबाला में हर घर रोजगार दिलाना उनकी प्राथमिकता है। यह तभी संभव हो पाएगा, जब यहां आईएमटी स्थापित होगी। यह सपना भी सच हो जाएगा। शर्मा ने कहा कि यदि आप लोगों का साथ मिला तो आईएमटी लगवाकर रहेंगे। युवाओं को रोजगार मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में आईएमटी स्थापित करवा दी थी लेकिन कुछ कांग्रेसी नेताओं ने इसका का विरोध किया। इसके कारण युवाओं से रोजगार का अधिकार छीन लिया गया। शर्मा सोमवार को साइकिल वितरण समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि रोहतक में आईएमटी स्थापित हो चुकी है। इस समय वहां पर करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। यहां भी अभी तक 20 हजार युवाओं को रोजगार मिल चुका होता। शर्मा ने सोमवार को अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र के गांव नग्गल, सेगती, बिशनगढ़, महमूदपुर, सेगता, नडियाली, खैरा, खन्नामाजरा, जगौली, मटेहड़ी शेखां व धुरखड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 11वीं व 12वीं के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को साइकिलें बांटी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कई किलोमीटर दूर पैदल जाना पड़ता है जिसके कारण उसके समय की बर्बादी होती है। इसके चलते यह साइकिलें वितरित करने का फैसला लिया गया है ताकि उनका समय बचे और वह पढ़ाई पर ध्यान लगा सकें। विनोद शर्मा ने कहा कि जो स्टूडेंट्स इस समय 12वीं में हैं उन्हें आने वाले दिनों में रोजगार की जरूरत है और जब रोजगार नहीं मिलेगा तो निश्चिततौर पर सालों पढ़ाई करने का लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार दिलाना हैं तो आईएमटी लगवाना होगा।


अंबाला। स्कूली छात्रों को साइकिलें बांटते पूर्व मंत्री विनोद शर्मा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मदन मोहन घेल, कुलदीप सिंह डंगडेहरी, सुखजंट छोटा चेयरमैन, जसमीत सिंह टोनी, सुखचैन सिंह सुखी, नवजोत शर्मा, जगविंद्र सिंह नंबरदार, रविंद्र सौंडा, अमरेंद्र राणा, प्रीत सिंह नग्गल, पूर्व सरपंच नीतू, जगतार सिंह, पूर्व सरपंच जसविंद्र सिंह, गुरपाल सिंह, हरजंट सिंह, राजीव, जोगिंद्र सिंह पूर्व सरपंच, गुरविंद्र, बिंद्र खैरा, गुरमैल खैरा, अमरजीत खैरा, चरणजीत सिंह, गुरचरण लाल पूर्व सरपंच, डॉ. ईश्वर चंद, बहादुर सिंह पूर्व सरपंच, सत्यनारायण पांडिया, संदीप कुमार, अशोक तंवर, प्रीत नग्गल, कमल कुमार, हरीश कुमार, मनजीत कुमार, अनिल दत्त, साहिल दत्त, महावीर सिंह, सतनाम सिंह, भारतभूषण, कर्मचंद नंबरदार, राजेंद्र गुलयानी, रणजीत सूद, गुरजंट सिंह रविदास सभा प्रधान, चेतन सिंह, रमेश कुमार, सिमरणजीत सिंह, अमनकुमार एडवोकेट सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।